# CGPSC 2013 Paper-2 (Prelims)

## [Series-C ]

1. किसी जल पूर्ति व्यवस्था किसी टैंक में पानी प्रति मिनट में दोगुना हो जाता है। टैंक 50 मिनटों में पानी से भर जाता है। टैंक M मिनटों के बाद आधा भार होगा जबकि M =
   (a) 25 (b) 47
   (c) 48 (d) 49
   (e) इनमें से कोई नहीं

2. शून्य और पचास (0 व 50) के बीच में अभाज्य संख्याओं की संख्या है
   (a) 13 (b) 14
   (c) 15 (d) 16
   (e) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नलिखित शब्दों का तार्किक तथा अर्थपूर्ण क्रम होगा
   (a) गरीबी (b) जनसंख्या
   (c) मृत्यु (d) बेरोजगारी
   (e) बीमारी
   (A) 2, 4, 1, 5, 3
   (B) 2, 3, 4, 5, 1
   (C) 1, 2, 4, 5, 3
   (D) 1, 4, 2, 5, 3
   (E) इनमें से कोई नहीं

4. रू. 1,500 के 20% के 15% के 10% का मान है
   (a) 10 (b) 7.5
   (c) 4.5 (d) 5
   (e) इनमें से कोई नहीं

5. किसी सांकेतिक भाषा में A÷B का तात्पर्य है A को B में जोड़े, A – B का तात्पर्य है A को B से गुणा करे, A×B का तात्पर्य है A को B से भाग दें तथा A+B का तात्पर्य है B को A से घटायें। तद्नुसार (96×12÷2–8+16) बराबर है
   (a) 8 (b) 24
   (c) 28 (d) 4
   (e) इनमें से कोई नहीं

6. नीचे दिये गये व्यंजक में किन दो चिह्नों को आपस में बदलने पर व्यंजक संतुलित बन जायेगा?
   20÷4–8+5×2=3
   (a) +, × (b) ×, ÷
   (c) ÷, + (d) +, –
   (e) इनमें से कोई नहीं

7. यदि 9⊗7=32, 13⊗7=120 तथा 17⊗9=208 है तो 19⊗11 होगा
   (a) 64 (b) 160
   (c) 240 (d) 210
   (e) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और उसके अन्त में दिए हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आपसे उत्तर गद्यांश में दिऐ विवरण पर ही आधारित होने चाहिए।

क्रोध को हम एक बहुत ही हानि रहित कमजारी की तरह देखने के लिए प्रवृत्त होते हैं। इसे हम महज एक प्राकृतिक दुर्बलता, एक पारिवारिक असफलता, एक स्वभाव सम्बन्धी विषय के रूप में वर्णित करते हैं न कि किसी व्यक्ति के चरित्र का आकलन करने हेतु गंभीरता से गणना में सम्मिलित करने का तत्व। और फिर भी बाइबल मानव स्वभाव के सर्वाधिक विनाशकारी तत्वों में से एक के रूप में इसकी मर्त्स्ना करती है। क्रोध की एक विशेषता यह है कि यह गुणवान लोगों का अवगुण है। एक अन्यथा उच्च चरित्रवान माने जाने वाले व्यक्ति पर यह अक्सर एक कलंक की तरह होता है। आप जानते हैं उन पुरुषों को जो लगभग परिपूर्ण होते हैं, एवं उन नारियों को जो पूर्णयता सम्पूर्ण रूप से होती हैं, सिवाय उनके आसानी से आलाड़ित हो जाने वाले उग्र स्वभाव के या अति संवेदनशील अर्थात् शीघ्र ही उत्तेजित हो जाने वाले स्वभाव के । क्रोधी स्वभाव और उच्च नैतिक चरित्र के बीच में यह अनुकूलता आचार शास्त्र की सर्वाधिक विलक्षण एवं दुःखद समस्याओं में से एक है। किसी भी प्रकार का पाप, कोई भी सांसारिकता, कोई भी स्वर्ण का लोभ, कोई भी शराबखोरी या नशेबाजी समाज को इतना ईसाईय्यत विहिन नहीं बनाते जितना क्रोध बनाता है। जीवन को कड़ुआ बना देने, जन समुदायों को तोड़ने पवित्रतम रिश्तों नातों को नष्ट करने, घरों को बर्बाद करने, पुरुष और महिलाओं को मुरझा देने, बचपन से उसकी ताज़गी, खिलखिलाहट छीन लेने, संक्षिप्त में एक शुद्ध स्वयमेव दुःखोत्पादक शक्ति के रूप में क्रोध की सत्ता सर्वोपरि है। ईर्ष्या, घमण्ड, अनुदारता, निर्दयता,स्वयं को सही समझने की प्रवृत्ति, भड़कीलापन, अड़ियलपन, उदासी – कमज़्यादा मात्रा में से उग्र स्वभाव के ही तत्व हैं। इस प्रकार के स्वभाव के लिए स्वर्ग में सचमुच ही कोई स्थान नहीं है। इस प्रकार की मनः स्थिति वाला व्यक्ति स्वर्ग में स्थित सभी लोगों के लिए जीवन केवल यातनापूर्ण ही बनाएगा।

8. चिड़चिडे स्वभाव के बारे में प्रचलित राय क्या है?
   (a) कि यह एक बहुत ही हानिरहित कमजोरी है।
   (b) कि यह एक पाारिवारिक असफलता का लक्षण है।
   (c) कि यह हमेशा मानवीय स्वभाव का एक मजबूत अंग है।
   (d) कि यह तक सर्वथा हानिकारक आदत है।
   (e) मानवीय चरित्र के आकलन में इसको गंभीरता पूर्वक हिसाब में लेना चाहिए।

9. आशय समझाइए: चिड़चिड़ा स्वभाव "गुणीजनों का दोष" होता है।
   (a) चिड़चिड़ापन गुणवान व्यक्तियों की एक अपरिहार्य विशेषता है।
   (b) अन्यथा गुणी व्यक्ति आम तौर पर चिड़ाचिड़ेपन के दोष से पीड़ित पाए जाते हैं।
   (c) एक उच्च चरित्र वाला हमेशा चिड़चिड़ेपन के कलंक से मुक्त होता है।
   (d) चिड़चिड़ेपन के दुर्गुण के कारण गुणवान व्यक्ति गुणवान नहीं माने जा सकते।
   (e) अपने चिड़चिड़ेपन के दोष के कारण गुणी व्यक्तियों को चहुँ ओर सम्मान पूर्वक सुना जाता है।

10. आचार शास्त्र की सबसे विचित्र और दु:खद समस्याओं में से एक कौनसी है?
   (a) उच्च नैतिक चरित्र और चिड़चिड़ेपन में परस्पर समायोजन का अभाव।
   (b) चिड़चिड़ेपन एक उच्च नैतिक चरित्र वाले व्यक्ति की ख्याति को नष्ट नहीं करता है।
   (c) चिड़चिड़ापन और उच्च नैतिक चरित्र आपस में नहीं टकराते।
   (d) चिड़चिड़ापन और उच्च नैतिक चरित्र साथ-साथ नहीं रह सकते।
   (e) ऐसी बात कहीं सुनने में नहीं आई है कि एक उच्च नैतिक चरित्र चिड़चिड़ेपन से पीड़ित होता है।

11. चिड़चिड़ापन समाज को ईसाईय्यत विहीन कर देता हैं। यह कथन
   (a) असत्य है
   (b) कभी कभी असत्य है
   (c) सन्देहास्पद है
   (d) सत्य है
   (e) बाइबल द्वारा दण्डनीय है

12. चिड़चिड़ेपन में कई तत्व होते हैं। उनमें से एक है:
   (a) उदारता
   (b) करुणा
   (c) सकारात्मकता
   (d) प्रफुल्लता
   (e) हठीलापन

13. ANUJ का प्रतिबिम्ब (Mirror image) होगा
   (a) ſ ∩ ИA (mirrored)
   (b) JUNA
   (c) ∀NUJ (mirrored)
   (d) ∀И∩Ɩ
   (e) इनमें से कोई नहीं

14. यदि $2p + \frac{1}{p} = 4$ हो, तो $p^3 + \frac{1}{8p^3}$ बराबर है
   (a) 4
   (b) 8
   (c) 5
   (d) 15
   (e) 9

15. एक पुस्तक को उस पर लिखे मूल्य पर 10% का डिस्काउन्ट देकर बेचने पर एक दुकानदार को 12% का लाभ होता है। पुस्तक के वास्तविक क्रम मूल्य तथा छपे मूल्य का अनुपात है
   (a) 45:56
   (b) 45:51
   (c) 47:56
   (d) 47:51
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं

16. दो संख्याओं का महत्तम समापवर्त्य तथा लघुतम समापवर्त्य क्रमश: 8 तथा 48 हैं। यदि इनमें से एक संख्या 24 है तो दूसरी संख्या होगी
   (a) 48
   (b) 36
   (c) 16
   (d) 24
   (e) इनमें से कोई नहीं

17. निम्न में से किस समीकरण में $x > 6$ में है?
   (i) $x^2 - 7x + 12 = 0$
   (ii) $x^2 - 16x + 64 = 0$
   (iii) $x^2 - 25 = 0$
   (a) केवल (i) में
   (b) केवल (ii) में
   (c) केवल (iii) में
   (d) (i), (ii), (iii)सभी में
   (e) उपरोक्त में से कोई नहीं

18. दो संख्याओं का गुणफल 20 28 तथा उनका महत्तम समापवर्त्य 13 है। ऐसे जोड़ों की संख्या होगी
   (a) 2
   (b) 1
   (c) 3
   (d) 4
   (e) इनमें से कोई नहीं

19. निम्न का मान निकालिये

$$\sqrt{8+\sqrt{57+\sqrt{38+\sqrt{108+\sqrt{169}}}}}$$


   (a) 4
   (b) 6
   (c) 7
   (d) 8
   (e) इनमें से कोई नहीं



Drishti IAS

20. 18 प्रेक्षणों का औसत 124 निकाला गया बाद में पता चला कि दो प्रेक्षणों को 46 तथा 82 लिया गया जबकि उनका सही मान 64 तथा 28 है तद्नुसार 18 प्रेक्षणों का सही औसत है
   (a) 123 (b) 137
   (c) 121 (d) 122
   (e) इनमें से कोई नहीं
21. 12,000 रूपये की धनराशि चक्रवृद्धि ब्याज पर जमा करने पर 5 वर्ष में दुगनी हो जाती है। तद्नुसार यह राशि 20 वर्षो बाद हो जायेगी
   (a) रू. 48,000 (b) रू. 1,92,000
   (c) रू. 96,000 (d) रू. 1,96,000
   (e) इनमें से कोई नहीं
22. चीनी की कीमत में 20% कमी हो जाने पर 600 रू. में 5 किलो चीनी अतिरिक्त खरीदी जा सकती है। तद्नुसार कीमत में कमी से पहले चीनी की कीमत प्रति किलो क्या थी?
   (a) रू. 24 (b) रू. 32
   (c) रू. 36 (d) रू. 28
   (e) इनमें से कोई नहीं
23. 5 कि.मी. प्रति घंटा की गति से चलने पर एक छात्र अपने घर से अपने स्कूल समय से 15 मिनट पहले पहुँचता है जबकि 3 कि.मी. प्रति घंटा की गति से जाने पर 9 मिनट देरी से पहुँचता है। तद्नुसार उस छात्र के घर तथा स्कूल के बीच दूरी है
   (a) 5 कि.मी. (b) 8 कि.मी.
   (c) 3 कि.मी. (d) 2 कि.मी
   (e) इनमें से कोई नहीं
24. अन्तरवैयक्तिक कौशल की सर्वाधिक उपयुक्त परिभाषा है
   (a) एक व्यक्ति अपने विचारों को किस प्रकार सम्प्रेक्षित करता है?
   (b) एक व्यक्ति अपने कार्य को किस प्रकार प्रस्तुत करता है?
   (c) एक व्यक्ति अपने अधीनस्थों से किस प्रकार अन्त क्रिया करता है?
   (d) एक संस्थान में व्यक्ति दूसरों से किस प्रकार सम्बन्धित है?
   (e) इनमें से कोई नहीं
25. एक अधिकारी अन्य व्यक्तियों की भावनाओं की भावनाओं को ईमानदारी पूर्वक, साहानुभूति और संवेदना से व्यवहार करता है, वह दूसरे व्यक्तियों के प्रभावकारी प्रतिक्रियाओं/अनुक्रियाओं का भी मूल्यांकन करता है तथा उसके लिए समस्याएं उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों का मजबूती से मुकाबला करता है। यह व्यवहार दर्शाता है उसकी
   (a) प्रबन्धन शैली को (b) संवेगात्मक बुद्धि को
   (c) निश्चयात्मक दृढ़ता को (d) प्रशासन योग्यता को
   (e) उपर्युक्त में से किसी को भी नहीं
26. आप एक दल (टीम) के नेता हैं। आपके दल के अधिकतर सदस्य शिक्षित और सक्रिय हैं। अधिकतम उत्पाद (कार्य) प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसी नेतृत्व शैली सबसे उपयुक्त है?
   (a) मन्त्रणात्मक (परामर्शक) (b) शोषणात्मक
   (c) परोपकारी (d) सहभागी
   (e) उपर्युक्त सभी
27. एक संगठन में संघर्ष समाधान करने के लिए एक प्रभावी नेता (मार्गदर्शक) बनने के लिए सर्वाधिक अनिवार्य अन्तरवैयक्तिक कौशल निम्नलिखित में से कौनसा है?
   (a) तद्नुभूति (b) सहानुभूति
   (c) दूरसंवेदन (टेलीपथी) (d) भावशून्यता
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं
28. संघर्ष एक निर्माणात्मक बल/शक्ति हो सकता है यदि, यह
   (a) विभिन्न प्रविधियों द्वारा दूर किया जाये
   (b) अनेक समाधानों के साथ पस्तुत किया जाये
   (c) प्रभावी प्रबन्धन किया जाये
   (d) एक संगठन के एक अनिवार्य पक्ष के रूप में माना जाये
   (e) उपर्युक्त सभी
29. पल्लवी ने फोटो में एक आदमी की तरफ इशारा करते हुये कहा "इसकी माता की इकलौत्री पुत्री मेरी माता हैं" पल्लवी का इस आदमी से क्या रिश्ता है?
   (a) पुत्री (b) बहन
   (c) भाई (d) पत्नी
   (e) उपरोक्त में कोई नहीं
30. एक आदमी की आँखों में देखते हुये वासुदेव ने कहा "तुम्हारा बेटा मेरे बेटे का चाचा है।" आदमी का वासुदेव से क्या सम्बन्ध है?
   (a) भाई (b) पिता
   (c) बाबा (d) चाचा
   (e) इनमें से कोई नहीं
31. एक आदमी सीधे 5 मी. जाता है और फिर दायीं ओर 10 मी. जाता है। इसके बाद वह लगातार बाँये मुड़ता है और प्रत्येक बार 10, 5 तथा 10 मी. चलता है। अपने प्रारंभिक चलने के स्थान से अब वह कितनी दूर है?
   (a) $5\sqrt{2}$ मी. (b) $5\sqrt{3}$ मी.
   (c) $3\sqrt{5}$ मी. (d) 10 मी.
   (e) इनमें से कोई नहीं
32. एक आयताकार प्लॉट की लंबाई एवं चौड़ाई का अनुपात 8 : 5 है। यदि चौड़ाई लंबाई से 60 मी. कम है तो आयताकार प्लॉट का परिमाप कितना है?
   (a) 260 मीटर (b) 500 मीटर
   (c) 1600 मीटर (d) 560 मीटर
   (e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

नीचे दिये गये पाई-चित्र में एक परिवार द्वारा विभिन्न पदों में एक महीने के खर्च का विवरण है। इसका ध्यानपूर्वक अध्ययन करके, निम्न प्रश्नों **33** से **36** के उत्तर दीजियें




33. शिक्षा तथा भोजन पर किये गये खर्च का अनुपात कितना है?
    (a) 3:1 (b) 1:3
    (c) 3:5 (d) 5:3
    (e) इनमें से कोई नहीं

34. ईंधन के सापेक्ष किराये पर किया गया खर्च कितने प्रतिशत है?
    (a) 135.56 (b) 172.56
    (c) 155.56 (d) 167.56
    (e) इनमें से कोई नहीं

35. किन तीन मदों के खर्चो में केन्द्रीय बिन्दु पर 108° का कोण बन जाता है?
    (a) ईंधन, कपड़ा, अन्य (b) ईंधन, शिक्षा, अन्य
    (c) कपड़ा, किराया, अन्य (d) शिक्षा, किराया, अन्य
    (e) इनमें से कोई नहीं

36. यदि परिवार की कुल आय रू. 25,000 है तो किराया तथा भोजन पर कुल कितना खर्च हुआ है?
    (a) रू. 17,250 (b) रू. 16,750
    (c) रू. 11,250 (d) रू. 8,500
    (e) इनमें से कोई नहीं


37. निम्नलिखित में लुप्त (?) संख्या होगी

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 11 | 17 |
| 3 | 7 | 15 |
| 5 | 10 | ? |

    (a) 32 (b) 20
    (c) 15 (d) 13
    (e) इनमें से कोई नहीं

38. किसी गुप्त भाषा में HOSPITAL को 32574618 लिखा जाता है तो उसी गुप्त भाषा में POSTAL को कैसे लिखा जायेगा?
    (a) 752618 (b) 725618
    (c) 725168 (d) 725681
    (e) इनमें से कोई नहीं

39. निम्नलिखित आकृति में त्रिभुजों की संख्या है



    (a) 8 (b) 10
    (c) 12 (d) 14
    (e) इनमें से कोई नहीं

40. दी हुयी शृंखला में कौनसी संख्या उचित नहीं है?
    1 9 36 81 99 121
    (a) 1 (b) 121
    (c) 36 (d) 99
    (e) इनमें से कोई नहीं

41. यदि 324⊕289=35, 441⊕484=43, 625⊕400=45, तो 256⊕729=?
    (a) 43 (b) 34
    (c) 33 (d) 35
    (e) इनमें से कोई नहीं

42. यदि किसी कूट भाषा में FLOWER को PSAIVJ लिखा जाता है तो उस कूट भाषा में CURTAIN को कैसे लिखा जायेगा?
    (a) UGYEMRX (b) YVXEMRG
    (c) YUERMXG (d) GYUEMRX
    (e) उपरोक्त में कोई नहीं

43. यदि 'फुटबाल' को 'क्रिकेट', 'क्रिकेट' को 'बास्केटबाल', 'बास्केटबाल' को 'बैडमिन्टन', 'बैडमिन्टन' को 'वालीबाल', 'वालीबाल' को 'हॉकी' कहा जाय तो निम्नलिखित में कौन-सा खेल गेंद के साथ नहीं खेला जाता है?
    (a) क्रिकेट (b) वालीबाल
    (c) हॉकी (d) बैडमिन्टन
    (e) इनमें से कोई नहीं

44. यदि 'जल' को 'भोजन', 'भोजन' को 'वृक्ष', 'वृक्ष' को 'आसमान', 'आसमान' को 'कुआँ' 'कुआँ' को 'तालाब' कहा जाय तो फल किस पर लगेंगे?
    (a) आसमान (b) भोजन
    (c) कुआँ (d) पेड़
    (e) तालाब

45 जिस प्रकार 'दुर्घटना' का सम्बन्ध 'सावधानी' से है, उसी प्रकार 'बिमारी' का सम्बन्ध किससे है?
    (a) जीवाणु (b) प्रदूषण
    (c) स्वच्छता (d) डाक्टर
    (e) इनमें से कोई नहीं

Drishti IAS

46. जिस प्रकार 'न्याय' का सम्बन्ध 'अदालत' से है, उसी प्रकार निम्नलिखित में से कौनसा 'विद्यालय' से सम्बन्धित है?
   (a) शिक्षक (b) छात्र
   (c) कक्षा (d) शिक्षा
   (e) इनमें से कोई नहीं

47. निम्नलिखित सार्थक क्रम होगा
   (a) पुलिस (b) दण्ड
   (c) अपराध (d) न्यायमूर्ति
   (e) फैसला
   (a) 5, 4, 1, 3, 2 (b) 1, 2, 4, 3, 5
   (c) 3, 1, 2, 4 , 5 (d) 3, 4, 2, 1, 5
   (e) इनमें से कोई नहीं

48. **कथन :** 1. विश्व की जनसंख्या हर वर्ष बढ़ती है।
   2. जनसंख्या विस्फोट से विश्व में खाद्य समस्या है।
   **निष्कर्ष :** I. जनसंख्या नियंत्रण से विश्व की खाद्य समस्या कम हो जायेगी।
   II. अधिक जनसंख्या के लिये अधिक खाद्य उत्पादन की आवश्यकता है।
   दिये हुये कथनों के आधार पर कौन से निष्कर्ष सही हैं?
   (a) दोनों (I) तथा (II) सत्य हैं
   (b) दोनों (I) तथा (II) असत्य हैं
   (c) केवल (I) सत्य है
   (d) केवल (II) सत्य है
   (e) उपरोक्त में कोई नही

49. **कथन :** 1. भारत एक औद्योगिक राष्ट्र बन रहा है।
   2. प्रदूषण औद्योगिककरण से सम्बद्ध समस्या है।
   **निष्कर्ष :** I. सभी औद्योगिक केन्द्र प्रदूषित है।
   II. भारत प्रदूषित हैं।
   III. प्रदूषित राष्ट्र औद्योगिक हैं।
   IV. भारत प्रदूषित हो सकता हैं।
   निम्न में कौन सही (सत्य) है?
   (a) सभी सत्य हैं
   (b) कोई भी सही नहीं है
   (c) केवल (IV) सही है
   (d) केवल (II) सही है
   (e) केवल (III) सही है

50. **कथन :** 1. मंदिर पूजा स्थल है।
   2. चर्च भी पूजा स्थल है।
   **निष्कर्ष :** I. सभी मंदिर चर्च हैं।
   II. सभी चर्च मन्दिर हैं।
   निम्न में कौन सत्य हैं?
   (a) न निष्कर्ष (I) न (II)
   (b) (I) तथा (II) दोनों
   (c) केवल (I)
   (d) केवल (II)
   (e) उपरोक्त में कोई नहीं

51. निम्नलिखित शब्दों को शब्द कोष के अनुसार व्यवस्थित कीजिये।
   (a) Inventory (b) Involuntary
   (c) Invisible (d) Invarible
   (e) Investigate
   सही शृंखला है
   (a) d, b, e, c, a (b) d, e, a, c, b
   (c) b, c, d, a, e (c) d, a, e, c, b
   (e) उपरोक्त में कोई नहीं

52. यदि 1 जनवरी 2006 को रविवार था, तो 1 जनवरी 2007 को कौनसा दिन रहा होगा?
   (a) रविवार (b) सोमवार
   (c) मंगलवार (d) शनिवार
   (e) इनमें से कोई नहीं

53. आप एक महत्वपूर्ण सरकारी कार्य को कराने के लिये संविदा देने वाली कमेटी के अध्यक्ष हैं। आप का वरिष्ठ अधिकारी आपको बुलाकर आपसे एक पार्टी X, जोकि किसी महत्वपूर्ण राजनीतिज्ञ से सम्बन्धित है, के हित में कार्य करने उसके लिये कहता है। यह कार्य दूसरी संविदाओं में तकनीकी कमी निकालकर किया जा सकता है। यदि आप उसकी बात नहीं मानते हैं तो वह आपका स्थानान्तरण दूसरी जगह करने की बात कहता है। आपका क्या कदम होगा?
   (a) निविदिताओं के परीक्षण को रद्द करके पुनः नयी निविदिताओं को मंगाना
   (b) आयी हुयी निविदिताओं को तकनीकी उत्तमता पर परीक्षण कर सबसे अच्छी तथा सबसे कम मूल्य की निविदिता से करार करना
   (c) संविदा पार्टी X को देना
   (d) पार्टी X को काली सूची में डाल देना
   (e) उपरोक्त में कोई नहीं

54. आप भारत सरकार के एक मन्त्रायल में उप सचिव हैं जहाँ आप 'प्रोग्रामर' की नियुक्त का कार्य कर रहे हैं। 2 पदों के लिये लिखित परीक्षा के आधार पर 10 अभ्यर्थियों की सूची तैयार की जाती है। उनकी शैक्षिक योग्यता एवं पूर्व अनुभव के आधार पर आपको उपयुक्तता एवं उत्तमता



Drishti IAS

के ऊपर सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार करनी है। मंत्रालय का एक वरिष्ठ अधिकारी जो आपको जानता है, आपसे एक अभ्यर्थी Y को पहले 2 स्थान पर रखने को कहता है। आप क्या करेंगे?

(a) आप पूरे मामले को अपने से जरा वरिष्ठ अधिकारी की जानकारी में लायेंगे तथा उसके मौखिक आदेश का पालन करेंगे।

(b) वरिष्ठ अधिकारी की “Y” के बारे में प्रार्थना स्वीकार कर लेंगे।

(c) आप सब 10 अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव का परीक्षण करेंगे तथा उसके आधार पर इनकी मेरिट-लिस्ट तैयार करेंगे, भले ही इसमें प्रथम दो स्थानों पर Y का स्थान हो।

(d) आप किसी भी हालात में Y से नियुक्ति नहीं होने देंगे।

(e) उपरोक्ता में कोई नहीं

55. यदि a और b प्राकृतिक संख्याएं हैं और $a^2-b^2$ एक अभाज्य संख्या है तो

(a) $a^2-b^2 = a+b$ (b) $a^2-b^2 = a-b$

(c) $a-b = 2$ (d) $a+b = 2$

(e) इनमें से कोई नहीं

56. 30 छात्रों की एक कक्षा में गुंजन तथा त्रिलोक ऊपर से 13वें तथा 14वें स्थान पर हैं। नीचे से उनका स्थान क्रमश: क्या होगा?

(a) 18वां और 17वां

(b) 16वां और 17वां

(c) 15वां और 16वां

(d) 17वां और 18वां

(e) इनमें से कोई नहीं

57. अरुण को यह पता चलता है कि लड़कों की एक पंक्ति में वह दायीं तरफ से 12वाँ तथा बायीं तरफ से चौथा है। उस पंक्ति में कितने लड़कों को शामिल किया जाय कि उनकी संख्या 28 हो जाय?

(a) 12 (b) 13

(c) 14 (d) 20

(e) इनमें से कोई नहीं

58. मैं 3 कि.मी. दक्षिण की ओर चला। इसके बाद दायी तरफ मुड़कर 5 कि.मी. चला। पुन: दायी ओर मुड़कर 7 कि. मी. चला। अन्त में मैं किस दिशा की तरफ चल रहा था?

(a) पश्चिम (b) दक्षिण

(c) पूर्व (d) उत्तर

(e) इनमें से कोई नहीं

59. एक घड़ी में 12.30 बजने पर घण्टे की सुई उत्तर दिशा में है तथा मिनट की सुई दक्षिण दिशा में है। 2.45 बनने पर मिनट की सुई किस दिशा में होगी?

(a) उत्तर पश्चिम (b) दक्षिण पूर्व

(c) पश्चिम (d) पूर्व

(e) इनमें से कोई नहीं

60. नीचे दिये गये अक्षरों को एक शब्द के रूप में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में कौनसा शब्द बन सकता है?
a a d e f g r s u

(a) Stagnation (b) Grandson

(c) Safeguard (d) Pseudograde

(e) उपरोक्त में कोई नहीं

61. विकल्पों में दिये गये शब्दों में एक शब्द “ADMINISTRATION” शब्द में प्रयुक्त अक्षरों के प्रयोग से नहीं बनाया जा सकता है। वह शब्द है

(a) MIND (b) RATION

(c) STATION (d) MINISTER

(e) इनमें से कोई नहीं

62. शृंखला 16, 23, ?, 40, 50, 61 में लुप्त संख्या (?) है

(a) 30 (b) 31

(c) 35 (d) 29

(e) इनमें से कोई नहीं

63. निम्नलिखित प्रश्न में शब्दों के चार युग्म दिये हैं, इनमें एक युग्म भिन्न तरीके से संबंधित है, वह युग्म है

(i) सोना : आभूषण

(ii) लकड़ी : फर्नीचर

(iii) चमड़ा : जूते-चप्पल

(iv) मिट्टी के बर्तन : मिट्टी

(a) (i) (b) (ii)

(c) (iii) (d) (iv)

(e) इनमें से कोई नहीं

64. पाँच छात्र एक वृत्ताकार घेरा बनाकर खडे हैं। अभिनव, आलोक और अंकुर के बीच है। अपूर्व अभिषेक के बायी ओर है। आलोक अपूर्ण के बायी तरफ है। अभिनव के दायी तरफ उसके निकटतम कौन है?

(a) अपूर्व (b) अंकुर

(c) अभिषेक (d) आलोक

(e) कोई नहीं

दिये गये सूचना का अध्ययन कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्र.65-67) :
एक खेल के मैदान में दिप, कमल, नितीन, आकाश तथा पियुष उत्तर की ओर मुँह करके निम्नानुसार खड़े है।

Drishti IAS

i. कमल, आकाश, के दांयी ओर 40 m की दूरी पर है।

ii. दीप, कमल के दक्षिण में 60 m की दूरी पर है।

iii. नितीन, आकाश के पश्चिम में 50 m की दूरी पर है।

iv. पियुष, दीप के उत्तर में 90 m की दूरी पर है।

65. यदि एक लड़का नितीन के स्थान से चलकर आकाश के स्थान पर पहुंचता है, तत्पश्चात क्रमशः कमल, दीप तथा पियुष के स्थान पर पहुंचता है। यदि वह सीधी रेखा में ही चलता है तो उसके द्वारा तय की गई दूरी होगी

(a) 240 (b) 210
(c) 260 (d) 220
(e) इनमें से कोई नहीं

66. कमल के बायी ओर के व्यक्ति के उत्तर-पूर्व में कौन है?

(a) नितीन (b) आकाश
(c) पियुष (d) नितीन या दीप
(e) इनमें से कोई नहीं

67. नितीन, दीप से किस दिशा में खड़ा है?

(a) दक्षिण (b) उत्तर-पूर्व
(c) पूर्व (d) दक्षिण-पश्चिम
(e) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों (**68** से **73** तक) का उत्तर दीजिए।

540 विद्यार्थियों को एक कक्षा में प्रत्येक 9 लड़कियों पर 11 लड़के हैं। विद्यार्थियों का वजन 40 कि.ग्रा. से 50 कि.ग्रा. के बीच है। 44 कि.ग्रा. भार की लड़कियों की संख्या 46 कि.ग्रा. भार के लड़कों की संख्या के बराबर है तथा 40 कि.ग्रा. भार के लड़कों की संख्या 50 कि. ग्रा. भार की लड़कियों की संख्या के बराबर है। 50 कि.ग्रा. भार के लड़कों की संख्या 44 कि.ग्रा. भार वाली लड़कियों की संख्या से 35 अधिक है। 44 कि.ग्रा. भार वाले लड़कों की संख्या 46 कि.ग्रा. भार की लड़कियों की संख्या के बराबर है। 40 कि.ग्रा. भार वाले लड़कों तथा लड़कियों की संख्याओं का अनुपात 4:3 है जबकि 50 कि.ग्रा. भार की लड़कियों और लड़कों की संख्याओं का अनुपात 1:3 है।

68. कितने लड़कों का भार 40 कि.ग्रा. है?

(a) 22 (b) 24
(c) 28 (d) 26
(e) इनमें से कोई नहीं

69. कितनी लड़कियों का भार 44 कि.ग्रा. है?

(a) 37 (b) 36
(c) 39 (d) 40
(e) इनमें से कोई नहीं

70. कितने लड़कों का भार 50 कि.ग्रा. है?

(a) 72 (b) 74
(c) 76 (d) 70
(e) इनमें से कोई नहीं

71. कितनी लड़कियों का भार 46 कि.ग्रा. है?

(a) 165 (b) 164
(c) 146 (d) 192
(e) इनमें से कोई नहीं

72. कितने विद्यार्थियों का भार 50 कि.ग्रा. है?

(a) 96 (b) 42
(c) 201 (d) 111
(e) इनमें से कोई नहीं

73. कितनी लड़कियों का भार 40 कि.ग्रा. है?

(a) 16 (b) 28
(c) 22 (d) 20
(e) इनमें से कोई नहीं

निम्नलिखित गद्याश को पढ़िए और इस पर आधारित प्रश्नों (**74** से **78**) तक का उत्तर दीजिए।

चार परिवारों ने बनारसी बाग में पिकनिक मनाने का निर्णय किया तथा सहमति से नरही पर, पिकनिक से पहले एकत्र हुये। एक परिवार में कोई बच्चा नहीं है, जबकि बाकी अन्य परिवारों में कम से कम एक बच्चा है। बच्चे वाले परिवारों को कम से कम एक बच्चे को पिकनिक पर लाना है। परिवारों के बारे में निम्नलिखित जानकारी है।

i. परिवारों जिसमें दो बच्चे हैं, उस परिवार से गए पहले आया जिसके कोई बच्चा नहीं है।

ii. D जिसके कोई बच्चा नहीं है वह C के परिवार से गए पहले आया।

iii. P तथा उसकी पत्नी सबसे आखिर में अपने इकलौते बच्चे के साथ आये।

iv. Q, B का पति नहीं है।

v. Q तथा S पिता हैं।

vi. C तथा A की बेटियाँ एक ही स्कूल में जाती हैं।

vii. B, D से पहले आया/आयी तथा वहाँ A के पहुँचने पर, A से मिली/मिला।

viii. R सबसे दूर रहता है तथा वह एक अच्छा गायक है।

ix. S ने बताया कि उसका बेटा परीक्षा की वजह से नहीं आ सका।

74. महिलाओं में कौन तीसरे नम्बर पर आया?

(a) A (b) C
(c) B (d) D
(e) इनमें से कोई नहीं

Drishti IAS

75. कौन पति-पत्नी का सही जोड़ा है?
(a) S तथा D (b) P तथा C
(c) Q तथा C (d) S तथा A
(e) इनमें से कोई नहीं

76. किनकी बेटियाँ एक ही स्कूल में जाती हैं?
(a) Q तथा R (b) P तथा R
(c) P तथा Q (d) Q तथा S
(e) इनमें से कोई नहीं

77. किसके परिवार में निश्चित रूप से एक से अधिक बच्चे हैं?
(a) R (b) S
(c) Q (d) P
(e) इनमें से कोई नहीं

78. आदमियों में कौन दूसरे नम्बर पर आया?
(a) P (b) Q
(c) R (d) S
(e) इनमें से कोई नहीं

79. 'आज मैने अधिक केले खा लिए हैं' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?
(a) संख्यावाचक विशेषण
(b) परिमाण वाचक विशेषण
(c) गुण वाचक विशेषण
(d) सार्वनामिक विशेषण
(e) इनमें से कोई नहीं

80. निम्नांकित में शुद्ध वाक्य छाँटिए-
(a) रेखा ने भोजन कर ली है
(b) रेखा भोजन कर ली है
(c) रेखा भोजन कर ली
(d) रेखा भोजन किया
(e) रेखा ने भोजन किया है

81. 'उद्धत' शब्द का विलोम क्या है?
(a) विनय (b) अवनति
(c) अनुदार (d) विनीत
(e) विनम्र

82. 'आत्मश्लाघा' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) अपनी निंदा करना
(b) अपनी प्रशंसा करना
(c) अपने को गौरवशाली समझना
(d) अपने पर हँसना
(e) आत्मज्ञान प्राप्त करना

83. किस वाक्य में संभावनार्थ क्रिया (Subjunctive Mood) का प्रयोग है?
(a) सबका कल्याण हो
(b) अहिंसा धर्म का पालन करना चाहिए
(c) शायद मेरी लाटरी लग जाए
(d) मोहन खेल रहा होगा
(e) पढ़ोगे तो अवश्य पास होगे

84. 'अइसन बात काबर करथव?' का अर्थ क्या है?
(a) ऐसी बात क्यों नहीं करते?
(b) ऐसी बात क्यों करते हैं?
(c) ऐसी बात कहाँ करते हैं?
(d) ऐसी बात कब करते हैं?
(e) इनमें से कोई नहीं

85. निम्न में बहुवचन रूप कौन-सा है?
(a) तेहा (b) तोर
(c) तोला (d) तुमन हा
(e) उपरोक्त में कोई नहीं

86. 'पनही' का अर्थ क्या है?
(a) पहनने की क्रिया (b) पनिहारिन
(c) जूता (d) गले का आभूषण
(e) उपरोक्त में कोई नहीं

87. 'पगरइत' का अर्थ क्या है?
(a) वधु पक्ष का पुरोहित
(b) वर का पिता/अभिभावक
(c) वर पक्ष का पुरोहित
(d) वधु का पिता/अभिभावक
(e) उपरोक्त में कोई नहीं

88. रिक्त स्थान की पूर्ति निम्न में किससे की जा सकती है?
जइसन घर दुआर तइसन ...
जइसन दई ददा तइसन लइका
(a) छानही (b) चौका
(c) पसइया (d) फरिका
(e) उपरोक्त में कोई नहीं

89. 'उल्लंघन' में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) उल् (b) उ
(c) उत् (d) न
(e) उल्ल

90. 'साहित्यिक' में कौन-सा प्रत्यय है?
(a) इक (b) इत्यिक
(c) सा (d) क
(e) इ

91. 'पंचमृत' में कौन-सा समास है?
   (a) तत्पुरुष (b) द्वन्द्व
   (c) कर्मधारय (d) द्विगु
   (e) बहुव्रीहि

92. 'उचित' की भाववाचक संज्ञा क्या होगी?
   (a) उचितनुसार (b) औचित्य
   (c) उचितस्य (d) उवाच
   (e) उचिता

93. निम्नंकित में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है?
   (a) संतान (b) सवारी
   (c) बुलबुल (d) गंगा
   (e) भेड़िया

94. "मैं स्वयं चला आऊँगा" वाक्य में निजवाचक सर्वमान कौन-सा है?
   (a) मैं (b) स्वयं
   (c) चला (d) आऊँगा
   (e) आऊँ

95. 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का क्या अर्थ है?
   (a) पराजित कर देना (b) छक्का लगाना
   (c) ताली बजाना (d) हार जाना
   (e) वीरगति को प्राप्त होना

96. निषेधात्मक शब्द है
   (a) पार (b) डार
   (c) बर (d) झन
   (e) इनमें से कोई नहीं

97. 'डांड़ देना' का क्या अर्थ है?
   (a) जुर्माना देना (b) आवाज लगाना
   (c) रेखा खींचना (d) ऐलान करना
   (e) इनमें से कोई नहीं

98. 'खोतली' क्या है?
   (a) बोतल का ढक्कन (b) संतरा का छिलका
   (c) इमली का बीज (d) नारियल का कड़ा छिलका
   (e) इनमें से कोई नहीं

99. कौन-सा युग्म असंगत है?
   (a) धुर्रा-धूल (b) रापा-फावड़ा
   (c) फरिया-थाली (d) लबारी-झूठ
   (e) इनमें से कोई नहीं

100. 'अउठ' कितने को कहते है?
   (a) सवा (b) डेढ़
   (c) ढाई (d) साढ़े तीन
   (e) इनमें से कोई नहीं

Drishti IAS